ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 5, अंक 215, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली


एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर 11

जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 12




अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 पर सभी
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कैप्टन डॉ. सन्तोष कुमार सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर
एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर चीफ प्रॉक्टर
एन एम् एस एन दास पी जी कॉलेज बदायूँ


अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
खाले चौधरी
प्रदेश उपाध्यक्ष
यूथ ब्रिगेड
बदायूँ


"सफलता तीन चीजों से मापी जाती है,
धन प्रसिद्धि और मन की शांति,
धन और प्रसिद्धि पाना आसान है
मन की शांति योग से ही मिलती है."
HAPPY INTERNATIONAL YOGA DAY


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अलख निरंजन
सचिव
ब्लॉक उसावां


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामलखन यादव
ग्राम प्रधान
भवानीपुर


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार, राजू कुमार
बर्तन भण्डार
हमारे यहाँ स्टील ताँबा, पीतल के थोक
एवं फुटकर विक्रेता
प्रो. आकाश साहू
मो. 8126562604, 8077578186
पता:- पुराना बाजार माया मोहन ज्वैलर्स के सामने, बदायूँ


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू अपोलो हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• टायफाइड • मलेरिया • चिकनगुनिया • अस्थमा • डेंगू
• पीलिया • नार्मल डिलीवरी • बांझपन • सफेद पानी का इलाज (ल्यूकोरिया)
• सिजेरियन (ऑपरेशन) (रसौली) पथरी या पित्त की थैली
• हर्निया • अपेन्डिक्स • आँतों के व सभी प्रकार के ऑपरेशन किये जाते हैं।
पता : भगत सिंह चौराहा, नवादा (बदायूँ)
सम्पर्क करें:
7617600847, 805757912, 8865905147


अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. गजेंद्र वर्मा
( चर्म रोग विशेषज्ञ )
डॉ. आकांक्षा यादव
( स्त्री रोग विशेषज्ञ )


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महमूद आलम
ग्राम प्रधान
नदीम हुसैन
सचिव
ग्राम पंचायत आरिफपुर वि.खं. जगत, बदायूं


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून 2024 पर
सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं
सोनिका यादव
ग्राम प्रधान
गौरव यादव
प्रधानपति
पवन जैन
सचिव
ग्राम पंचायत इटौआ सुखदेवपुर ब्लाक क्यारा, जिला बरेली


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आयुष्मान क्लीनिक
डॉ. कुमार वासु
एम.बी.बी.एस., पी.जी.डी.सी.एच.
(शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ)
पूर्व चिकित्सक:-
• जे.एन.एम.सी. • अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU)
• के.डी. मेडिकल कॉलेज, मथुरा
• नयति मेडिसिटी, मथुरा
वर्तमान चिकित्सक:-
• जिला महिला अस्पताल, बदायूं
मिलने का पता:-
724 माल गोदाम रोड, इन्दिरा चौक सिविल लाइन्स, बदायूं

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 5, अंक 215, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने जीता 11

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धिः प्रभास 12

## ईडी की दलीलें दरकिनार कर कोर्ट ने दी केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

संकट में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देते हुए एक स्थानीय अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया। ईडी 48 घंटे की रोक के दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी। विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगायीं जिनमें यह भी शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।



- ईडी ने कोर्ट से कहा- जमानत बांड पर हस्ताक्षर को 48 घंटे के लिए टाला जा सकता है

### निर्देश पर कोर्ट होना पड़ेगा पेश

कोर्ट ने केजरीवाल को यह भी निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे। दिन में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने अपराध से हुई कथित कमाई और सह आरोपियों के साथ केजरीवाल का संबंध स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन बचाव पक्ष ने कहा ईडी के पास सुबूत नहीं हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

### प्रधानमंत्री ने तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी, आज डल झील लेक पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योग

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम क दौरान जम्मू कश्मीर को तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। शुक्रवार को वह डल झील लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में हुए भारी मतदान का उल्लेख करते हुए उनहोंने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। उन्होंने कहा अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है।



युवती का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। • एजेंसी

### इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया

मोदी ने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है।

### 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।










### महताब लोस के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को गुरुवार को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 18वीं लोस का पहला सत्र 24 जून से शुरु होगा।

# बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

### सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।

### सरकार को झटका

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती




### भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग आहत हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे यह हम लोग शुरू से ही कहते रहे हैं और चुनाव के दौरान भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं।

### ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके।

### नीट काउंसलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए। पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो 5 मई को आयोजित परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है।



### सीबीआई ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह परीक्षा 18 जून 2024 को दो पालियों में पूरे देश में आयोजित की गयी थी।

### केंद्र के वकील बोले-कोचिंग संस्थान ही याचिकाकर्ता

केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि कई बार कोचिंग संस्थान भी याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए हैं। पीठ ने कहा उन्हें आने का अधिकार है। क्योंकि उनका व्यवसाय केवल इन छात्रों से है और यदि आप उनके साथ खेलते हैं और उनके अधिकारों में दखल देते हैं, तो ये कोचिंग संस्थान आएंगे ही।

### याची के वकील बोले- बिहार-गुजरात में मिली अनियमितता

याची के वकील ने पीठ को बताया कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अनियमितताओं के संबंध में बिहार और गुजरात में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पुलिस से इन मामलों में अपनी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पीठ ने पाया कि मामले में याचिकाकर्ता भी इसी तरह की दलीलें दे रहे हैं।

## पासबुक में होगी सरकारी योजनाओं के लाभ की एंट्री

**लखनऊ।** राज्य सरकार नागरिकों को फैमिली आईडी के साथ एक विशेष पासबुक भी देने की तैयारी में है। फैमिली आईडी का उद्देश्य जहां लोगों को नौकरी-रोजगार समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने का है तो वहीं, परिवार कल्याण नाम की पासबुक में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की इंट्री की जाएगी। एक लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को भी फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है। जबकि वर्तमान में लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ सदस्य फ्री राशन योजना का लाभ पा रहे हैं। ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए भी https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। सरकार की योजना है राज्य का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान के तहत परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का डेटाबेस तैयार होगा।



- फैमिली आईडी के साथ सभी का परिवार कल्याण पासबुक भी होगा तैयार

### 25 करोड़ जनता को मिले लाभः योगी

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में परिवार आईडी प्रक्रिया की समीक्षा की और इस योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, परिवार आईडी सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसके जरिए प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों को रोजगार प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि, जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। हर एक परिवार को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण दर्शाते हुए परिवार का पासबुक भी तैयार कराया जाए। पासबुक और परिवार आईडी जारी करने से पूर्व परिवार के संबंध में सभी जानकारी को प्रमाणित किया जाए।


## 20 हजार करोड़ की धोखाधड़ी में छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर, मुंबई और नागपुर में ईडी द्वारा की गई छापेमारी
- एमटेक समूह और इसके निदेशकों के खिलाफ की जा रही है छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की।

कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध




कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले की ईडी से जांच की बात कही है।

ईडी के अनुसार इस धोखाधड़ी से सरकारी खजाने को लगभग 10,000-15,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ईडी का मानना है कि बैंक से ली गई कर्ज राशि को रियल एस्टेट, विदेशी निवेश और नए उद्यमों में लगाया गया।

## ज्ञानवापी केस की सुनवाई कर चुके जज की हत्या की साजिश रच रहे हैं कट्टरपंथी

विधि संवाददाता, बरेली

- एजेंसी के इनपुट पर लखनऊ के एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज
- विवेचना के दौरान बरामद फोन व पेन ड्राइव में मिले अहम सुराग

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर चुके अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर को काफिर घोषित कर इस्लामिक कट्टरपंथी उनकी हत्या का षडयंत्र रच रहे हैं। लखनऊ सेशन कोर्ट में एनआईए के स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने इस बारे में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को पत्र भेजा है। जज रवि कुमार दिवाकर अब बरेली सेशन कोर्ट में तैनात हैं।

जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से बृहस्पतिवार को जिला जज के जरिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को यह पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि लखनऊ में एटीएस के थाना गोमतीनगर में एजेंसी की सूचना के आधार पर एसआई प्रभाकर ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भोपाल (एमपी) निवासी अदनान खान '@बेस्ड डॉट खिलजी' नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चला रहा है। उसने इसी अकाउंट पर न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की फोटो लगाकर पोस्ट किया है ''दि काफिरस ब्लड इज हलाल फॉर यू, दोज हू फाइट अगेंस्ट योर दीन''।

इसके साथ जज के चेहरे पर आंखों के ऊपर लाल रंग से काफिर लिखा है। पत्र में कहा गया है कि इस पोस्ट को काफी लोगों ने देखा है जिसके जरिए अपनी विचारधारा से जुड़े लोगो को ज्ञानवापी मामले की सुनवाई करने वाले जज को मारने के लिए प्रेरित किया गया है। दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं को आहत करने के साथ राष्ट्र विरोधी कार्य भी किया जा रहा है। विवेचना में सामने आया है कि कट्टरपंथी जज की हत्या का षडयंत्र रच रहे है।

## पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है। स्थानीय पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है कि कही यह मामला अत्महत्या से जुड़ा तो नहीं। क्रिकेट जगत ने डेविड जॉनसन की मौत पर शोक व्यक्त किया है।



## पुलिस ने उतरवायी लाल- नीली बत्ती, अफसर होने लगे लाल -पीले

### लाल-नीली बत्ती और हूटर वाले 3900 वाहनों का हुआ चालान, 11 से 18 जून तक हुई कार्रवाई में एक करोड़ शुल्क वसूला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यातायात पुलिस द्वारा लाल-नीली बत्ती व हूटर-सायरन उतारने का अभियान प्रशासनिक अफसरों को रास नहीं आ रहा है। पुलिस के इस अभियान से मजिस्ट्रेट स्तर के अफसरों में नाराजगी है। कई एडीएम और एसडीएम के साथ साथ जिलों में मुख्य विकास अधिकारी के वाहन भी इस अभियान की जद में आ रहे हैं। कई मुख्य चिकित्साधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारियों की बत्तियां भी उतारी गई हैं। परिणाम स्वरूप इन अफसरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह सार्वजनिक रूप से पुलिस की ये कार्रवाई



**पौने दो लाख वाहन किए चेक, वसूले एक करोड़ से ज्यादा :** प्रदेश में यातायात पुलिस ने आठ दिनों में पौने दो लाख वाहन चेक किए हैं। जिसमें से लाल-नीली बत्ती और हूटर वाले 86 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 3900 वाहनों का चालान करके करीब 35 लाख समन शुल्क वसूला गया। पुलिस कलर्स प्रयोग करने वाले एक लाख वाहनों को चेक किया गया, जिसमें से 9300 वाहनों का चालान किया गया और इनसे 46 लाख रुपये समन शुल्क के रूप में वसूला गया। भारत सरकार अथवा उप्र. सरकार लिखे 89 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 6608 वाहनों का चालान किया गया। इनके वहन स्वामियों से करीब 23 लाख शमन शुल्क वसूला।

**इन अफसरों के साथ कार्रवाई चर्चा में रहीः** बहराइच के मिहीपुरवा में नायब तहसीलदार अपनी गर्भवती पत्नी को अस्पताल भर्ती कराने ले जा रहे थे, उन्हें रोककर कार्रवाई की गई। मिर्जापुर में एडीएम के वाहन में लगी बत्ती बीच सड़क उतरवाई गई।

### पीसीएस अफसर की गाड़ी से नीली बत्ती उतरवाने पर दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बाराबंकी।** शहर में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बुधवार शाम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखे सरकारी वाहन पर लगी नीली बत्ती को उतरवा दिया। गाड़ी पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह की थी। जानकारी होने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने बत्ती को ड्राइवर से उतरवा दिया। मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थीं। मधुमिता ने इसकी जानकारी डीएम को दी। डीएम ने एसपी दिनेश कुमार सिंह से बात की। पता किया तो यह कार्रवाई नगर कोतवाली के एसएसआई विष्णु शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज सिंह ने की थी। एसपी ने दोनों के खिलाफ एक्शन लेते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।

## पूर्व विधायक सहित छह दोषियों को सात साल की सजा

**रामपुर, अमृत विचारः** राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को अदालत ने सात-सात साल की सजा और प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।



15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में गन्ना ले जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। उसके बाद अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशनपाल, संजू यादव, मेघराज समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराया गया था।

मैक्सलाइफ MAXLIFE
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H. Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरियस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas) Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho) Trauma, Joint Replacement Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery) Mch. (Plastic Surgery) Cosmetic Hair Transplant. Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR

मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब

EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928



कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग ) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ADMISSION OPEN

AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified

PHARMACY
B. Pharma बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

NURSING
B.Sc. Nursing बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में

सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)

कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com



KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405



चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566


# बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना से रोशन होंगे गांव

## नेडा के सहयोग से गांवों में लगवाई जाएंगी सोलर लाइटें

- बाबूजी कल्याण सिंह की याद में शुरू की गई है बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना
- जनप्रतिनिधियों से मांगी गई सूची, नेडा के तहत लगाई जाएंगी सोलर स्ट्रीट लाइटें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह की याद लोगों के दिलों में हमेशा बनी रहे, इसके जिले के बीस गांव सौर ऊर्जा लाइट से रोशन होंगे। लाइट लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों से ग्राम पंचायतों के नाम मांगे जा रहे हैं। जिससे उनमें स्ट्रीट लाइट लगाई जा सकें। यह लाईटें बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के तहत लगाई जाएंगीं।

प्रदेश सरकार पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल की याद में बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना का संचालन कर रही है। इस योजना के तहत नेडा विभाग के सहयोग से सौर ऊर्जा लाइट लगाई जाती हैं। जिले के बीस गांवों में भी सौर ऊर्जा लाइट से रोशन किए जाएंगे। इसके लिए पंचायती राज विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों से गांव के नाम मांगे जा रहे हैं।



जन प्रतिनिधियों से गांव के नाम चयन करने के लिए पंचायती राज विभाग के माध्यम से पत्र जारी किया गया है। नाम मिलने के बाद शासन को भेज दिए जाएंगे। गांवों का चयन होने के बाद उनमें सौर ऊर्जा लाइट लगवा दी जाएगीं।

–राम अधर, नेडा अधिकारी

जनप्रतिनिधियों द्वारा गांवों के नाम मिलने के बाद उन्हें नेडा द्वारा शासन को भेजा जाएगा। शासन से गांवों का चयन कर सूची जिले पर भेजी जाएगी। इसके बाद उनका प्रस्ताव बनाकर दोबारा से शासन को भेजा जाएगा। शासन से प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद गांवों में लाइट लगाने का काम किया जाएगा।

### 22 हजार की लागत से लगाई जाएगी स्ट्रीट लाइट

नेडा अधिकारी द्वारा बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा चयनित जिन गांवों के नाम दिए गए जाएंगे उनमें सौर ऊर्जा लाइट लगाई जाएगी। एक लाइट 22 हजार की लागत से लगाई जानी हैं। जिसमें पोल पर पैनल, बैटरी और लाइट लगाई जानी है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

- छह उपनगरों में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मीरा चौकी स्थित श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत छह उपनगरों में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ भगवा ध्वज के आरोहण एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह सत्य प्रकाश मौर्य एडवोकेट तथा कार्यक्रम अध्यक्ष देवदत्त शर्मा ने माल्यार्पण कर किया। सत्य प्रकाश मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष में 6 उत्सव मनाता है। वर्ष प्रतिपदा, हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, विजयदशमी एवं मकर संक्रांति आदि उत्सव मनाए जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगल आक्रांताओं से हिंदू समाज की रक्षा करने तथा संगठित करने के साथ ही 6 जून 1670 को हिंदू पदपाद शाही की स्थापना की। कहा कि संघ शाखा रूपी तंत्र और प्रार्थना रूपी मंत्र के माध्यम से देशभक्त, चरित्रवान एवं निष्ठावान नागरिकों का निर्माण कर रहा है।



हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव मनाते आरएसएस कार्यकर्ता।

कार्यक्रम अध्यक्ष देवदत्त शर्मा ने कहा हम सभी को छत्रपति शिवाजी के जीवन प्रसंगों से प्रेरणा लेकर देश हित एवं समाज हित के लिए कार्य करना चाहिए। रस्तोगी धर्मशाला में  माधव उप नगर में अंबिका प्रसाद, प्रांत संयोजक कुटुंब प्रबोधन, केशव उप नगर में जिला प्रचारक घनश्याम, बालाजी उपनगर में सह जिला कार्यवाह मनोज कुमार शर्मा, दीन दयाल उपनगर में सह जिला संघ चालक विचित्र सक्सेना तथा विवेकानंद उपनगर में विभाग कुटुंब प्रबोधन संयोजक सर्वेश पाठक ने छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदू पद पाद शाही के स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कालिका प्रसाद गंगवार, राजकुमार सिंह सेंगर, अंकित शर्मा, अभिनव सक्सेना आदि रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122


## धार्मिक फोटो पर अभद्र टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज

**उसहैत।** नगरिया दुगानी निवासी मुकेश ने धार्मिक फोटो के साथ सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट की। हिंदूवादी नेता बॉबी गुप्ता ने आपत्ति जताते हुए धार्मिक फोटो पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी मुकेश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश चंद्र पाठक का निधन

**दबतरा।** वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश चंद्र पाठक का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है। गिरीश चंद्र पाठक बिसौली तहसील बार एसोसिएशन में वकालत करते थे। उनके निधन की सूचना से तहसील बार एसोसिएशन एवं मुंसिफ बार एसोसिएशन में शोक की लहर दौड़ गई। गिरीश चंद्र पाठक एडवोकेट हंसमुख एवं सरल स्वभाव के थे । उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी है।

## पत्रकार पवन शर्मा को पितृशोक

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला संख्या एक टीचर्स कॉलोनी निवासी पत्रकार पवन शर्मा के पिता रिटायर्ड शिक्षक मुन्नालाल शर्मा का बुधवार की शाम लखनऊ में हृदय गति रुकने निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भैंसा घाट लखनऊ में आज किया गया। उनके निधन पर सभासद अजीत सिंह गुर्जर, राहुल शर्मा, रजनीश शर्मा, प्रखर माहेश्वरी, समाजसेवी दीपक चौहान, इकरार अहमद, सुरेश चंद्र चौधरी, ऋषिकांत उपाध्याय, रामवीर तिवारी, शेखर सक्सेना, नईम आजाद, संजीव राणा आदि ने दु :ख व्यक्त किया है।

## समाजसेवी सुरेश चंद्र गुप्ता का निधन

**उसहैत।** वयोवृद्ध समाजसेवी गल्ला व्यापारी सुरेश चंद्र गुप्ता की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनका अंतिम संस्कार अटेना गंगा घाट पर किया गया। गल्ला व्यापारी की मौत पर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। चेयरमैन नवाब हसन, पूर्व चेयरमैन गौरव गुप्ता, महेश गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, सतीश चंद्र, राजेंद्र, राजकुमार, संदीप गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया।

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# बराती बन चोरी कर लिए कैमरे, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान पुलिस ने नाधा रोड पर सरसोता मंदिर के पास से बरातघरों से फोटो और वीडियो कैमरे चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किए गए कैमरे बरामद हुए। कैमरों की कीमत लगभग 12 लाख रुपये है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव उपरैला निवासी पंकज कुमार ने 15 मई को कोतवाली सहसवान पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह उझानी क्षेत्र के गांव मुरावन नगला निवासी युवक की शादी की फोटो और वीडियोग्राफी कराने के लिए सहसवान के गांव भमौरी आए थे। सुबह लगभग पांचबजे किसी ने उनका कैमरा आदि चोरी कर लिया। 19 जून को जिला संभल के थाना गुन्नौर के गांव सैजना निवासी बृजलाल लाल ने तहरीर देकर बताया था कि वह कैमरा किराए पर लेकर सहसवान के मोहल्ला पट्टी यकीन मोहम्मद में शादी समारोह में फोटोग्राफी करने गए थे। जहां कैमरा चोरी हो गया। पुलिस ने सहसवान के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी शाहरुख पुत्र छुट्टन और गांव खैरपुर खैराती निवासी गुफरान पुत्र अनवार को गिरफ्तार किया। जिनके पास से चोरी का सामान बरामद किया।

# आंधी बनी काल, महिला व युवक की मौत

## बिल्सी के गांव बेहटा गुसाई में गिरी दीवार, वजीरगंज मार्ग पर कार पर गिरा पेड़

संवाददाता, बिल्सी/वजीरगंज

**अमृत विचार :** बुधवार देर रात आई आंधी दो लोगों के लिए काल बन गई। आंधी और बारिश के दौरान दीवार गिरने से बिल्सी क्षेत्र के गांव में महिला की मौत हो गई। वहीं गुरुवार सुबह मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर चलती कार के ऊपर पेड़ गिरने से दारोगा का निजी फालोवर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां युवक की मौत हो गई।


मृतक छोटू।


पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त कार।

- **जनपद रामपुर में तैनात दारोगा की कार लेकर बदायूं आ रहा था युवक**

आंधी के दौरान बुधवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गुसाई निवासी मुस्कीम (75) पत्नी रज्जन झोपड़ी में सो रही थीं। बारिश और आंधी के चलते झोपड़ी की दीवार मुस्कीम की चारपाई पर गिर गई। तेज आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे। महिला को बाहर निकाला और निजी चिकित्सक के पास ले गए। कुछ देर के बाद महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता और पुलिस गांव पहुंची। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

वहीं कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पृथ्वीरपुर निवासी छोटू (22) पुत्र बाबू जिला रामपुर के थाना ढकिया में तैनात दारोगा सुभाष के यहां प्राइवेट फालोवर थे। वह बुधवार को सुभाष की कार लेकर अपने गांव आए थे। गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे कार से बदायूं आ रहे थे। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव करगांव और बनकोटा के बीच सड़क किनारे खड़ा पेड़ कार पर आकर गिर गया। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। छोटू कार के भीतर दब गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से पेड़ हटाकर कार से छोटू को बाहर निकाला और जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। चीत्कार करते परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि चार महीने के बाद छोटू की शादी होनी थी।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश कुमार सिंह
सचिव
ब्लॉक उसावां

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वेदप्रकाश कठेरिया
उपनिबन्धक
सहसवान (बदायूँ)

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह शाक्य
प्रलेखक
प्रभारी प्रांतीय महामंत्री
उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन उ.प्र.

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनंगराज
नायब तहसीलदार
सैलावी, सहसवान (बदायूँ)

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
तनुज माहेश्वरी
युवा जिलाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल (बदायूँ)

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमपाल सिंह
उपजिलाधिकारी
सहसवान (बदायूँ)

# बच्ची से दुष्कर्म मामले में पूर्व सांसद ने सीएम से की मुलाकात


मुख्यमंत्री को घटना के बारे में जानकारी देतीं पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा है। पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रभावी कार्रवाई के लिए अश्वस्त किया है। उन्होंने बदायूं की राजनीति को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की।

एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची 14 जून को घर के बाहर खेल रही थी। गांव मौसमपुर निवासी वीरेश यादव (40) उसके पास आया और भुट्टा खिलाने का प्रलोभन देकर उसे अपने साथ ले गया। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची ने शोर मचाया तो ग्रामीण पहुंच गए। आरोपी मौके से भाग गया। बच्ची की हालत खराब होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। हालत में सुधार होने पर परिजन बच्ची को घर ले गए। गुरुवार को पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके घटना के बारे में बताया। साथ ही कहा कि अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है। इसके अलावा सांसद ने लगभग आधा घंटा तक राजनीति को लेकर चर्चा की। कादरचौक थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## गंगा में स्नान कर रहा युवक डूबा, मिला शव



**कछला ।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक गुरुवार सुबह लगभग छह बजे फसल की रखवाली करने गया था। वह गंगा में स्नान करने लगा। गहरे पानी में गया और डूब गया। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो मछुआरे उसे बचाने के लिए गंगा में कूद गए। लगभग आधा घंटे के बाद गंगा से युवक का शव बरामद हो गया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। गांव ननाखेड़ा निवासी अर्जुन (20) पुत्र प्रेमपाल कश्यप मजदूरी और खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। गुरुवार सुबह वह फसल देखने के लिए गए थे। इसी दौरान स्नान करने के लिए गंगा में घुसे और गहरे पानी में जाकर डूब गए। गंगा घाट पर मछली पकड़ रहे लोगों ने उन्हें डूबता हुआ देखा तो गंगा में छलांग लगा दी। लगभग आधा घंटे के बाद अर्जुन का शव मिला। सूचना मिलने पर कछला चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद युवक की पत्नी सूरजवती का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी स्थान पर डेढ़ महीने में डूबने से आठ लोगों मौत हो चुकी है।

## ढाबा संचालक समेत पांच पर रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग के गांव सिलहरी स्थित पटियाला ढाबा में करंट से ट्रक के चालक और हेल्पर की मौत हो गई थी। पुलिस ने ढाबा संचालक समेत पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और साक्ष्य छिपाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बमनी निवासी विनोद पुत्र सुरेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह भाई प्रमोद और ट्रक चालक गांव दारानगर निवासी गुड्डू मंगलवार रात ट्रक लेकर जिला मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र के लिए निकले थे। रास्ते में कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सिलहरी के पास पटियाला ढाबा पर खाना खाने लगे। जहां बर्तनों में गंदगी और खाने को लेकर ढाबा मालिक वीरेंद्र और वहां के कर्मचारियों से विवाद हो गया था। विरोध करने पर उन लोगों ने प्रमोद और गुड्डू को लाठी-डंडों से पीटा। ढाबे में लगे लोहे के एंगिल के पास डाल दिया। आरोप है कि एंगिल में करंट छोड़ दिया। जिससे दोनों की मौत हुई थी। आरोपियों ने दोनों शवों को ढाबे के बाहर ट्रांसफार्मर के नीचे रखकर पुलिस को बताया कि ट्रांसफार्मर में फाल्ट की वजह से दोनों की मौत हुई है। पुलिस ने ढाबा संचालक वीरेंद्र मिश्रा और पांच कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। ढाबा संचालक से पूछताछ चल रही है।

## चारपाई पर मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**बदायूं।** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने पड़ोसियों पर विषाख्त पदार्थ मिलाकर उसे शराब पिलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। मामला दातागंज क्षेत्र के गांव बिहारीपुर छेमराम का है। गांव निवासी नन्हें (40) पुत्र श्रीराम का शव बुधवार रात उनके घर पर चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि नन्हें की पड़ोस में रहने वाले युवक से दोस्ती थी। आरोप है कि युवक ने एक महीने पहले नन्हें को शराब पिलाकर उनकी जमीन अपने नाम करा ली थी। आरोप है कि बुधवार को उसने शराब में विषाख्त पदार्थ मिलाकर नन्हें को पिलाई थी। नन्हें को नशा ज्यादा हो गया था तो युवक उन्हें चारपाई पर छोड़कर चला गया। दातागंज कोतवाल अरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छह पीपा छैना मिठाई पकड़ी, लिया सैंपल

**बदायूं।** उसावां थाना प्रभारी ने बताया कि एक को व्यक्ति कस्बा उसावां में श्याम ढाबा के पास पकड़ा। उसके पास 06 पीपा कृत्रिम रसगुल्ले थे। उन्होंने क्षेत्रीय फूड इंस्पेक्टर को सूचना दी गई। फूड इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह और पुलिस ने उसे पूछताछ की। उसने अपना नाम मुकेश पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम पाली थाना पवई जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश बताया। वह कई साल से शाहजहांपुर के कस्बा कलान में निवास कर रहा है। फूड इंस्पेक्टर ने मिठाई का सैंपल लेकर जांच को भेजा है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)
पत्रांक : 5037/XXIII 2024-2025
दिनांक : 20.06.2024
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024
के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)
के अन्तर्गत नगर की साफ सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, कूड़ा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध आदि बिन्दुओं पर सहभागिता हेतु प्रिय नगरवासियों से अपील-
1. अपने घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में रखें और पालिका द्वारा डोर-टू-डोर संग्रहण में लगे स्वच्छता मित्र को ही दें।
2. सिंगल यूज प्लास्टिक व उससे बने उत्पादों एवं प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग न करें। शॉपिंग हेतु कपड़े व जूट से बने थैले का ही उपयोग करें।
3. जन्म व मृत्यु पंजीकरण 21 दिवस के भीतर समय से करायें।
4. पालिका से समस्त करों की अदायगी समय से करें।
5. शरीर व मन को स्वस्थ रखने और आत्म शुद्धि के लिए प्रतिदिन योग अवश्य करें।
6. पी.एम. स्वनिधि योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त स्ट्रीट वेण्डर्स अपना और परिवार के सदस्यों की सामाजिक, आर्थिक प्रोफाइलिंग के तहत योजनाओं से लिंक करवा कर अन्य योजनाओं का लाभ उठायें।
7. नगर आपका है इसके सर्वागीण विकास में आपका सहयोग अपेक्षित है।
मीर हादी अली उर्फ बाबर मियाँ
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सहसवान (बदायूँ)
डा. राजेश कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सहसवान (बदायूँ)
मोहम्मद इस्हाक
वरिष्ठ लिपिक
नगर पालिका परिषद
सहसवान (बदायूँ)

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
EXCELLENT IAS ACADEMY
IAS/PCS NCERT
अनुष्का डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
प्रातः 10 बजे से
उपदेश कुमार डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Budaun Office : Qadir Market, Indira Chowk, Ph.: 9105050213
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 7417309873 | www.futureinstitutions.org

रुहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
Estd. 2003
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# गांवों की बिजली गुल, दूसरे दिन भी फाल्ट नहीं ढूंढ सका बिजली विभाग

## बुधवार देर शाम तेज आंधी की वजह से गिरे थे पेड़, बिजली के खंभे और तार



उघैती क्षेत्र में टूटा पड़ा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार



पेड़ पर टूट कर गिरा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सैकड़ों गांवों में गुल हो गई बत्ती गुरुवार को भी नहीं हो सकी बिजली की सप्लाई

**अमृत विचार :** बुधवार की रात आई आंधी से पेड़-पौधे तहस नहस हो गए, वहीं बिजली की लाइनें टूट गईं जिससे पूरे जिले की बिजली गुल हो गई। दूसरे दिन भी बिजली गुल रही। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। टूटे पड़े पेड़ों को पूरे दिन हटाया गया। लाइनें ठीक की गईं जिससे कुछ जगह बिजली सप्लाई शुरू हो गई। बिजली गुल होने से पूरा शहर अंधकार में डूबा रहा।

भीषण गर्मी के बाद बुधवार की रात साढ़े नौ बजे अचानक तेज हवा शुरू हो गई। कुछ ही देर में आंधी से पेड़ पौधे उखड़ गये। कई जगह बिजली के पोल गिर गए और लाइनें टूट गईं। इसके चलते पूरे जिले की बिजली गुल हो गई। सड़कों पर पेड़ गिर जाने से काफी देर तक यातायात बंद रहा। दातागंज रोड पर गांव लखनपुर के निकट पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गए जिससे वाहनों का आवागमन बंद हो गया। लोगों ने पेड़ काट कर सड़क से हटाए तब कहीं आवागमन चालू हो सका। इस रोड की बिजली गुल हो गई। बिल्सी और उघैती इलाके में कई जगहों पर खंभे टूट कर गिर गए। शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजलीघर से ककराला रोड के करीब डेढ़ दर्जन गांवों को बिजली सप्लाई की जाती है। आंधी के बाद इस लाइन का तार गांव सिमरिया में टूट गया जिससे पूरा इलाका अंधकार में डूबा रहा। करीब 16 घंटे तक इधर की बिजली गुल रही। गुरुवार दोपहर के बाद लाइन ठीक की गई जिसके बाद बिजली पहुंची। उधर उसावा, उसहैत और म्याऊ की ओर कई जगह आंधी में तार टूट गए जिससे दूसरे दिन भी सप्लाई ठप रही। चंदौसी रोड पर गांव सिलहरी के निकट पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गए, कई जगह तार टूट गए जिससे पूरा इलाका रात भर अंधकार में डूबा रहा। गुरुवार को सुबह नौ बजे लाइन ठीक की गई जिसके बाद सप्लाई शुरू हो सकी। बिसौली, आसफपुर दूनपुर इलाके में कई जगहों पर खंभे टूटने की खबर है। इन क्षेत्रों में दूसरे दिन भी सप्लाई ठप है। बिल्सी में मुख्य लाइन में फाल्ट हो गया। जिसके कारण नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब 10 घंटे तक ठप रही। गुरुवार सुबह फाल्ट ठीक कर सप्लाई को सुचारू किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पेयजल व्यवस्था बिगड़ गई।

> बुधवार की रात आयी तेज आंधी से बिजली विभाग का भारी नुकसान हुआ है। खंभे टूट कर सड़कों पर गिरे हैं। कुछ खंभे पेड़ों पर गिरे हैं। लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। पूरे जिले में आंधी से लाइन क्षतिग्रस्त हुए हैं। गुरुवार सुबह से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। कुछ स्थानों की सप्लाई शुरू की जा चुकी है। जबकि कुछ जगहों पर समय लगेगा। नए खंभे लगने के बाद ही लाइन चालू की जाएगी।
> –अखिलेश कुमार – अधीक्षण अभियंता



टूटकर जमीन पर गिरा खंभा।

### हवा से मंडी परिसर में दुकानों के टिनशेड उड़े

**वजीरगंज।** गुरुवार की रात मौसम ने करवट बदली, तो तेज हवाओं संग झमाझम बारिश हुई। आंधी से हाईवे सहित अन्य संपर्क मार्ग पर दर्जनों पेड़ उखड़ गए और बिजली के दर्जनों पोल उखड़ कर गिर गए। जिसकी वजह से गुरुवार को भी बिजली गुल रही। घरों में पेयजल संकट गहरा गया है। वही मंडी परिसर में दुकानों पड़े टिनशेड उखड़ कर दूर जा गिरे।

### आंधी ने ठप कर दी 36 गांवों की बिजली सप्लाई

**उघैती।** बुधवार की रात आई तेज आंधी की वजह से उघैती बिजलीघर से पोषित मेवली फीडर पर 10 बिजली के खंभे टूट गए। इस्लामनगर फीडर पर पांच खंभे, जरसैनी पर चार, रमपुरिया में एक, भूड़ खितौरा पर पांच खंभे टूटकर गिर गए। गांव खंडुआ में बसंत नगर रोड पर दो खंभे टूटकर गिर गए। इसकी वजह से करीब 36 गांव की बिजली सप्लाई बुधवार रात से ही ठप हो गई। मौसम सुहावना होने से रात तो लोगों ने गुजार ली, लेकिन सुबह तापमान चढ़ने के बाद लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। पानी के लिए भी लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ा है। अवर अभियंता अशोक कुमार ने बताया नए खंभे लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार की दोपहर तक सभी गांव की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# सिपाही की पत्नी की बनाई वीडियो, किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उझानी में किराए पर कमरा लेकर रहती थी महिला, पड़ोस में घर बनवा रहा था युवक

**अमृत विचार :** कस्बा उझानी में एक युवक ने सिपाही की पत्नी के नहाने के दौरान अश्लील फोटो खींचे, वीडियो बना ली और ब्लैकमेल कर शारीरिक उत्पीड़न करता रहा। बच्चों के ऊपर चाकू रखकर दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर पर पर थाना मुजरिया पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

महिला ने थाना मुजरिया पुलिस को तहरीर दी कि उसका पति सिपाही है और दूर के थाने में तैनात है। वह बच्चों की पढ़ाई के चलते उझानी में सहसवान चौराहे पर किराए पर रहती है। घर के पास में पारस पुत्र हरिबाबू का मकान बन रहा था। पारस पानी लेने के लिए उनके घर पर आता था। वह एक दिन बाथरूम में नहा रही थी। पारस ने नहाते हुए उसके फोटो खींचे और वीडियो बना ली। वीडियो और फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। बच्चों और पति को जान से मारने की धमकी देता है। पति को सरकारी आवास मिला तो वह बच्चों के साथ वहीं रहने लगी। 28 मई को पति ड्यूटी पर थे। पारस उनके आवास पर आया। बच्चों के गले पर चाकू रख कर डराया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शक होने पर पति ने उझानी पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोपी ने उसके पति को घेरकर गाली-गलौज की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महज शांतिभंग में कार्रवाई की। मुजरिया थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

# योग दिवस आज, परेड ग्राउंड में होगा मुख्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** योग दिवस आज मनाया जाएगा। इसको लेकर दिन भर तैयारियां चलती रहीं। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केपी मलिक होंगे।

शुक्रवार को जिले भर में भव्य तरीके से योग दिवस का आयोजन होगा। शहर में पुलिस परेड ग्राउंड में योग दिवस पर सुबह पांच बजे से होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार में वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केपी मलिक शामिल होगे। कार्यक्रम सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न होगा। जिसमें सत्ता पक्ष के सभी विधायकों के साथ सभी विभागों के कर्मचारी और अधिकारी भी शामिल रहेगें। कार्यक्रम को लेकर दिन भर तैयारियां चलती रहीं। वहीं ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर और पंचायत घरों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्कूलों और कॉलेजों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुनवाई 24 को

**बदायूं।** आजमगढ़ के वर्तमान बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों पर चुनाव की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला एमपी, एमएलए सिविल जज सीनियर डिवीजन लीलू सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। मामले की सुनवाई 24 जून को होगी। साल 2022 के विस चुनाव के समय एसडीएम सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा ने आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। चुनाव के समय सपा ने शहर के एक लॉन में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बुलाया गया था। आरोप है कि इन्हें प्रलोभन देकर मत हासिल करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। आरोप संशोधन होने के बाद पत्रावली बहस में लग गई थी। इसमें अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर दी। बचाव पक्ष ने बहस की शुरुआत हो गई है। धर्मेंद्र यादव गुरुवार को कोर्ट में उपस्थित नहीं थे।

## शहर में आज

- शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योगाभ्यास सुबह छह बजे से।
- लायंस क्लब कासगंज गोल्ड द्वारा शहर के बांकनेर स्थित बृज वाटिका में योग सुबह छह बजे से।
- शहर के मुहल्ला जय-जयराम शिव मंदिर पर रामचरित मानस का अखंड पाठ सुबह नौ बजे से।
- जिला स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से।

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 40.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# स्वास्थ्य का आधार है आहार, व्यायाम और निद्रा

## 10 दिवसीय योग शिविर का समापन, योग विशेषज्ञ ने कराया योगाभ्यास, सम्मानित किया गया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन बाटिका में योगाभ्यास करते साधक। ● अमृत विचार


योगाचार्य को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ कासगंज सिटी द्वारा शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन बाटिका में 10 दिवसीय योग शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य द्वारा स्वास्थ्य के चार स्तंभों के बारे में साधकों को जानकारी दी गई। योगाभ्यास कराया गया। रोटरी क्लब ने योगाचार्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जेसी चतुर्वेदी ने साधकों को बताया कि आहार, व्यायाम, निद्रा और वृह्मचर्य मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए मिलकर काम करते हैं। सुपाच्य आहार अच्छे सुगठित शरीर का आधार है। इसके साथ किया गया व्यायाम या पुरुषार्थ अच्छे चित्त एवं मन का निर्माता है। इसके साथ सम्यक निद्रा एवं वृह्चर्य एक मजबूत व्यक्तित्व का धरातल है। स्वांश इस दुनिया की सबसे ज्यादा उपयोगी औषधि है। निरंतर प्राणायाम करते रहने से हमारे शरीर की सभी रोगों से रक्षा करती है।

इस दौरान साधकों को ॐकार साधना का अभ्यास कराया गया। इसके बाद ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पदमासन, गौमुखासन, उष्ट्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, स्थिर कोणासन, भूनमनासन, सिंह आसान, उत्तानपादासन, पवन मुक्तासन, नौकासन, अर्ध हलासन, सर्वांगासन पादअंगुष्ठनासा, स्पर्शासन, नौकासन, तथा मंडूकासन के अभ्यास कराए गए। रोटरी क्लब कासगंज सिटी के द्वारा योगाचार्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वरिष्ठ समाज सेवी देवेंद्र झंबर को भी क्लब के संस्थापक अध्यक्ष विनय कुमार जैन द्वारा सम्मानित किया गया। पतंजलि योग समिति कासगंज के जिला प्रभारी राम राक्षपाल सिंह, हरिओम सूर्यवंशी, सह जिला प्रभारी हिमांशु अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, प्रवीणा, खुशबू, वर्षा बार्ष्णेय, नीतू अग्रवाल, नीता अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, तोताराम, डॉक्टर तेज सिंह, सोनू साहू, सौरभ अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, नीलू अग्रवाल, ममता अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर आभार प्रकट किया। रोटरी अध्यक्ष शिवेश कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक हिमांशु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विनय अग्रवाल, संदीप गुप्ता, विकास आनन्द, अनूप गुप्ता, विनय कुमार जैन, ग्रीश अग्रवाल, जय प्रकाश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, तोताराम, छोटे लाल वर्मा, तेज सिंह, राज कुमार वर्मा, दीपक गुप्ता, विकास साहू, विकास अग्रवाल, विनय राज पन्नू, आई डी शर्मा, आदि ने योग किया।

# भाकपा ने किया विद्युत दरों में वृद्धि का विरोध


राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते भाकपा कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सदर एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार:** विद्युत दरों में वृद्धि को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव सालिक राम ने बताया कि शहरों के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी उपभोक्ताओं के बराबर विद्युत दर ली जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली दो रुपये प्रति यूनिट के हिसाब महंगी हो जाएगी। प्रदेश के दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ जाएगा। बिजली कनेक्शन और मीटर लगाने के खर्चो में अभूतपूर्व वृद्धि करने का प्रस्ताव भी आ चुका है। उपभोक्ता परेशान हैं। सरकार बिजली कंपनियों को अनुचित फायदा दे रही है। राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर उक्त प्रस्ताव खारिज करने की मांग की है। मांग करने वालों में गोवर्धन सिंह, राजकुमार कुशवाह, भूपसिंह, विकास, चंद्रपाल सिंह, छेदालाल, सूबेदार सिंह, विजय प्रताप, राजवीर सिंह सहित अन्य पार्टी के नेता रहे।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरू अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

# 24,27 जून को निरस्त रहेगी कासगंज-अछनेरा विशेष गाड़ी

**कासगंज, अमृत विचार :** कासगंज-मारहरा स्टेशन के मध्य इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिए जाने के कारण 24 एवं 27 जून को कासगंज-अछनेरा-कासगंज विशेष अनारक्षित रेलगाड़ी निरस्त रहेगी। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। सहयोग की अपील की है।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि कासगंज-मथुरा रेल मार्ग पर कासगंज-मारहरा के मध्य स्टेशनों पर पुल संख्या 402 पर इंजीनियरिंग कार्य किया जाएगा। इंजीनियरिंग कार्य के लिए रेल प्रशासन द्वारा ब्लॉक लिया गया है। उन्होंने बताया कि 24 एवं 27 जून को ब्लॉक लिए जाने के कारण कासगंज-अछनेरा कासगंज अनारक्षित विशेष ट्रेन संख्या 05347 एवं 05348 निरस्त रहेगी। इन गाड़ियों का संचालन न होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# सड़क निर्माण में शिथिलता पर प्रदर्शन

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- सब्जी विक्रेताओं ने निर्माणदायी संस्था पर लगाया हीलाहवाली का आरोप


सब्जी मंडी में धीमे सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते सब्जी विक्रेता।

**अमृत विचार :** कस्बा की सब्जी मंडी में कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में शिथिलता बरते जाने पर सब्जी कारोबारियों ने निर्माणदायी संस्था के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है। प्रदर्शन कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर पालिका परिषद द्वारा सब्जी मंडी में सड़क इंटरलांकिग के चलते मंडी की सड़क के एक हिस्से को ठेकेदार द्वारा पांच दिनों पूर्व खोदवाकर डाल दिया गया है। सड़क आधी अधूरी पड़ी है जिससे सब्जी विक्रेताओं और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार रात को हुई बारिश के बाद मंडी में जलभराव हो गया। परेशान सब्जी विक्रेताओं में आक्रोश पनप गया। सब्जी विक्रेताओं ने निर्माणदायी संस्था के विरुद्ध अपना आक्रोश जताया। लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। साथ ही मांग की है कि सड़क का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में सब्जी विक्रेता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फैज़ान, सलमान, मुदस्सर, मुदस्सर, अमन, रामस्नेही ने प्रदर्शन कर पालिका प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य तीव्र गति से कराए जाने की मांग की।

> सड़क निर्माण कार्य तीव्र गति से कराए जाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। अतिशीघ्र कार्य संपन्न करा दिया जाएगा।
> – सुनील कुमार, अधिशासी अधिकारी

# नोवा फैक्ट्री में घी, दूध, मक्खन के लिए सात सैंपल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गुरुवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने नोवा फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान उत्पादन यूनिट के मानकों को देखा। साथ ही घी, दूध, मक्खन आदि के सात सैंपल लिए जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। डीएम सुधा वर्मा के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश कुमार पाराशर एवं सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने नोवा फैक्ट्री पर चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने फैक्ट्री के प्रथम तल से लेकर तृतीय तल तक सफाई व्यवस्था देखी। यूनिटों में जाकर तैयार किए जा रहे दूध, मक्खन व अन्य उत्पादों की गुणवत्ता देखी तथा फैक्ट्री में मानकों को भी परखा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश कुमार पाराशर ने बताया कि घी, दूध, मक्खन, छाछ आदि के कुल सात सैंपल लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। नोवा फैक्ट्री महाप्रबंधक संजीव शर्मा ने इसे रूटीन चेकिंग बताया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# स्नान करते समय युवती का बनाया वीडियो, चले लात-घूंसे

**कासगंज, अमृत विचार:** कछला गंगा घाट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में गंगा किनारे लात-घूंसे और पत्थरबाजी हो रही है। बताया जा रहा है गंगा में स्नान करते समय युवती का युवकों द्वारा वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि कासगंज की युवती अपने परिजनों के साथ गंगा में स्नान कर रही थी। कुछ युवक युवती का वीडियो बनाने लगे। परिजनों ने विरोध किया, तो युवक परिजनों से लड़ने को उतारू हो गए। बाद में परिजनों के साथ स्थानीय लोग भी वीडियो बनाने का विरोध करने लगे। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। बाद में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पत्थरबाजी होने लगी। मारपीट और पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही कछला चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस पत्थरबाजी करने वाले युवकों की तलाश कर रही है।

# हर्षोल्लास से निकाली खाटू श्याम यात्रा

संवाददाता, अमांपुर

- भक्ति भजनों पर नाचे श्रद्धालु, जय-जयकार से गूंजा वातावरण


खाटू श्याम शोभा यात्रा में शामिल बाबा की झांकी एवं मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बा में हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते चल रहे थे। निशान यात्रा का कस्बा में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

निशान यात्रा कालेज रोड स्थित प्रचीन देवी मंदिर से प्रारंभ होकर बारहद्वारी, घंटाघर, सर्राफा बाजार, एटा रोड, सहावर रोड, ददवारा, गुड़मंडी होते हुए पुराना सहावर रोड पर जाकर संपन्न हुई। डीजे की धुन पर भाव विभोर होकर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। निशान शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और खाटू श्याम जी की आरती उतारी गई। भक्तों ने खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाकर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। समाज सेविका सुलोचना गुप्ता, मीना चौहान, दीपक गुप्ता, राकेश पाराशर, पुष्पेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, अवधेश सोनी, विनोद सविता, गौरव गुप्ता, हर्ष गुप्ता, सजीव माहेश्वरी, अंशू गुप्ता, मोहित गुप्ता, बबलू गुप्ता, चीकू सर्राफ, आयुष गुप्ता, शिवम गुप्ता, पवन गुप्ता, रिषभ गुप्ता, आदित्य गुप्ता, बिट्टू पालीवाल, कान्हा अग्रवाल, अमन माहेश्वरी, करन गुप्ता, कान्हा गुप्ता, यश अग्रवाल, अंकित गुप्ता, पारस गुप्ता, ओम, शिवम, शनि, देव, चिराग आदि भक्त शामिल रहे।

# आरएसएस ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**सोरों, अमृत विचार:** तीर्थनगरी के हरि की पौड़ी स्थित पर्यटन केंद्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की की तुलसी शाखा द्वारा हिंदू साम्राज्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर संघ चालक डा. एनपी सिंह हल्दिया ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का दिवस है। माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज को बचपन से ही राष्ट्र को समर्पित होकर हिंदू राष्ट्र और हिंदू साम्राज्य की स्थापना का पाठ पढ़ाया। विधर्मी आक्रांताओं का सामना करते हुए हिंदू रक्षा का संकल्प सिखाया। नगर कार्यवाह अमित अग्रवाल, सतीश चौधरी, दिवाकर शर्मा, संजय सक्सेना, जयकिशन तिवारी, ब्रज मोहन शर्मा, जय मिश्रा, प्रियांशु दुबे, प्रतीक आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र 27 जून तक बंद

कासगंज। जनपद में भीषण गर्मी के प्रकोप के मद्देनजर जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंदों को 27 जून तक बंद करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि इन केंद्रों पर छोटे छोटे मासूम बच्चे आते हैं जिनको गर्मी और लू के प्रकोप से बचाने के लिए समुचित साधन की उपलब्धता नहीं हो पाती। परिषदीय विद्यालय भी बच्चों के लिए 27 जून तक बंद हैं। अत: मासूम बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से इन केंदों में अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवकाश अवधि में समस्त कार्यकत्री, मिनी कार्यकत्री एवं सहायिका विभागीय कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों एवं विभागीय कार्यों को निष्पादित करेंगी।

प्रवेश प्रारंभ



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

# डेढ़ दर्जन उपनिरीक्षक किए इधर से उधर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- चार हेड कांस्टेबल सहित 10 पुलिस कर्मी भेजे गए लाइन
- कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने को एसपी ने की कार्यवाही

**अमृत विचार :** जिले की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से एसपी ने महकमे में भारी फेरबदल किया है। डेढ़ दर्जन उपनिरीक्षकों को इधर से उधर कर चार हेड कांस्टेबल सहित 10 पुलिस कर्मियों को लाइन भेजा किया है। एसपी ने स्थानांतरित पुलिस कर्मियों नए तैनाती स्थल पर आमद कराने के निर्देश दिए है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने थाना सुन्नगढ़ी के उपनिरीक्षक रवेंद्र को चौकी प्रभारी नदरई गेट कासगंज, चुनाव से सेल से उपनिरीक्षक विकास शर्मा को चौकी प्रभारी कस्बा सोरों, चुनाव सेल से ही उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी नवाबगंज, थाना पटियाली के उपनिरीक्षक चंद्रेश गौतम को थाना सिकंदरपुर वैश्य, सोरों कस्बा के चौकी प्रभारी सोरन सिंह को थाना गंजडुंडवारा एवं साइवर क्राइम से उपनिरीक्षक आनंद चौधरी को चौकी प्रभारी सैलई, थाना गंजडुंडवारा से उपनिरीक्षक श्यौराज सिंह को चौकी प्रभारी मोहनपुरा, थाना सहावर के उपनिरीक्षक अशोक तोमर को थाना सुन्नगढ़ी एवं उपनिरीक्षक विनोद सिंह को चौकी प्रभारी मोहनपुरा से थाना सोरों भेजा गया। उपनिरीक्षक अतुल कुमार को थाना सिढ़पुरा से थाना साइवर क्राइम, कछला चौकी प्रभारी महेश बाबू मौर्य को चौकी प्रभारी गोरहा, थाना सोरों से उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह को चौकी प्रभारी कछला, उपनिरीक्षक लालता प्रसाद को पुलिस लाइन से विशेष जांच प्रकोष्ठ, उपनिरीक्षक संजीव कुमार को चौकी प्रभारी नदरई गेट से क्राइम ब्रांच, उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह को चौकी प्रभारी गोरहा से पुलिस लाइन एवं सैलई के चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक छीतर प्रसाद गौतम, नवाबगंज के चौकी प्रभारी किशन सिंह एवं थाना सोरों के उपनिरीक्षक कुंवरपाल सिंह को पुलिस लाइन भेजा है। इसी क्रम में एसपी ने थाना सिकंदरपुर वैश्य के हेड कांस्टेबल हरवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेश तोमर, अमित कुमार एवं अमांपुर थाने के हेड कांस्टेबल शीलेंद्र कुमार, कांस्टेबल रूपेश, कांस्टेबल क्लर्क अंकित कुमार एवं सदर सीओ के कार्यालय से कांस्टेबल रघुवीर को पुलिस लाइन भेजा है। एसपी ने सभी स्थानांतरित किए गए पुलिस कर्मियों को नई तैनाती स्थल पर आमद कराने के निर्देश दिए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं अपने पुत्र जाहिद अली व पुत्रवधू शाहजहां को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के चलते दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, आज से उक्त दोनों का मुझसे एवं मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **याद अली शाह पुत्र रौनक शाह ग्राम पैगानगरी उर्फ नगरिया-भगत, थाना मीरगंज बरेली।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री मान्या मलिक के आधार सं. 245203772085 में उसका नाम यशिका मलिक दर्ज है जो कि गलत है। सही नाम मान्या मलिक है। जो कि उसके अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। इसके आधार कार्ड में सही नाम दर्ज किया जाये। **निशान्त मलिक पुत्र श्री रविन्द्र मलिक, निवासी- 195ए, ग्रेटर कैलाश कालोनी, करगैना, बरेली**

**सूचना**
हम अपने पुत्र विश्वास शर्मा को उसके दुर्व्यवहार गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। वह अपने कृत्यों व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। **रामगोपाल S/o गंगाराम कृष्णा देवी W/o रामगोपाल थाना भुता तह0 फरीदपुर जिला बरेली।**

**REQUIREMENT**
PARWATI JUNIOR HIGH SCHOOL
Bihar Man Nagla, Bareilly
Required Teachers
- PRE-Primary (F)
- PRT-All Subjects (F)
- Eng. Spoken Teacher (F)
Contact
9897482402, 7037470469

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र भूपेन्द्र कमार उर्फ अजय एवं पुत्रवधू किरन को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जसवन्त लाल पुत्र पूरनलाल निवासी बिरहनी थाना अमरिया, तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

**आवश्यकता है**
मान्यता प्राप्त डा. श्यामाचरन छोटे लाल गंगवार इण्टर कॉलेज नवाबगंज, बरेली में हिन्दी, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। दिनांक 25 जून 2024 को साक्षात्कार हेतु 12 बजे उपस्थित होवें।
**छोटे लाल गंगवार-प्रबन्धक मो. 9412289998**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सभी स्टेशनों के यार्डों में ड्रेनेज सिस्टम ठीक रहें

## रेल महाप्रबंधक ने मथुरा फर्रुखाबाद वाया कासगंज रेल ट्रैक का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बरसात में कई स्टेशनों पर यार्ड में ट्रैक डूब जाते हैं


ट्रैक का निरीक्षण करने पहुंचीं गोरखपुर की रेल महाप्रबंधक सौम्या माथुर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मानसून सत्र शुरू होने वाला है। बरसात में कई जगह यार्ड में ट्रैक डूब जाते हैं और अव्यवस्था का आलम रहता है। ऐसे में अभी से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की तैयारी की गई है। व्यवस्था बेहतर बनाने की योजना बनाई गई है।

गोरखपुर की रेल महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने मथुरा वाया कासगंज फर्रुखाबाद तक विंडो ट्रॉली निरीक्षण किया है। सौम्या माथुर ने आगामी मानसून संबंधित तैयारी पर चर्चा की। जगह-जगह रेल ट्रैक देखा। देखा कि कहीं रेल ट्रैक धंस तो नहीं रहा है, जिससे कि भारी बारिश के दौरान ट्रैक डूब तो नहीं जाएगा। इसके अलावा सभी स्टेशन के यार्डों में ड्रेनेज सिस्टम की क्या साफ-सफाई व्यवस्था है इसका भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने कहा कि किसी भी हाल में कहीं भी ट्रैक पानी में नहीं डूबना चाहिए।

अभी से साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए। ट्रैक का रखरखाव, रीडिंग क्वालिटी, सिगनलों की स्थिति, खंड में जारी कॉशन ऑर्डर एवं समपारों की स्थिति देखते हुए उन्होंने बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कासगंज जंक्शन स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इज्जत नगर रेल मंडल की प्रबंधक रेखा यादव को निर्देशित किया कि वह अपनी निगरानी में व्यवस्था बनाए रखें।

# गोरहा माइनर से सोरों कुंड तक पाइप लाइन की मांग

संवाददाता, सोरों


जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव से मिलते चेयरमैन रामेश्वर दयाल महेरे।

- हरपदीय गंगा में जल पहुंचाने का मुद्दा पहुंचा जल संसाधन मंत्री के दरबार
- सोरों नगर पालिका अध्यक्ष ने जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव को सौंपा मांग पत्र

**अमृत विचार:** सोरों नगर पालिका चेयरमैन रामेश्वर दयाल महेरे ने लखनऊ में पहुंच कर जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की। उन्होंने एक मांग पत्र सौंपकर गोरहा नहर से सोरों हरपदीय गंगा कुंड में होने वाली जलापूर्ति को पाइप लाइन के माध्यम से सुचारू कराने की मांग की है।

चेयरमैन रामेश्वर दयाल महेरे ने बताया कि हरपदीय गंगा कुंड पौराणिक है। इस कुंड में मृतको की जाने वाली अस्थियां मात्र 72 घंटे के अंदर पानी में घुल मिल जाती हैं। इस तीर्थ में प्रतिदिन हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री आते हैं। श्री गंगा जी हरि की पौड़ी में सिंचाई विभाग की गोराह माइनर गूल के माध्यम से जलापूर्ति होती है, जो सोरों से लगभग 8 किलोमीटर दूर है। आए दिन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जगह-जगह अवरोध कर जल आपूर्ति को बाधित किया जाता है। जिसके कारण जल का अभाव हो जाता है। कई बार जलस्तर कम हो जाने पर मछलियों के मरने की घटना घटित हो चुकी है । इसलिए श्री गंगा जी हरि की पौड़ी में निरंतर जलापूर्ति बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

गोराह माइनर गूल से गंगा जी हरि की पौड़ी कुंड तक पाइप लाइन डलवाई जाए। रामेश्वर दयाल महेरे ने बताया कि जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने हर संभव पाइप लाइन डलवाने का भरोसा दिया है।

## मारपीट में घायल की उपचार के दौरान मौत

**कासगंज,अमृत विचार :** 11 जून को पटियाली थाना क्षेत्र के गांव नगला बंजारा निवासी 61 वर्षीय सुरेश चंद्र पुत्र नत्थू सिंह को पैसे के लेन-देन को लेकर गांव तिमरुआ निवासी जमील से कहासुनी हो गई थी। जमील ने सुरेशचंद्र को मारपीट कर घायल कर दिया था। उनका उपचार जैथरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रहीस अहमद बने एजी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य

**कासगंज,अमृत विचार :** आजाद गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य फरहत अली ने कार्यभार छोड़ दिया। विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर अब्दुल रब्ब ने उर्दू शिक्षक सैय्यद रहीस अहमद हाशमी को प्रधानाचार्य नियुक्त किया है। प्रधानाचार्य ने अपना कार्यभार ग्रहण किया है। नवनियुक्त प्रधानाचर्य ने कहा कि विद्यालय की व्यवस्थाओं के साथ साथ शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाए रखा जाएगा।

## भू माफिया के कब्जे से जमीन मुक्त कराई

**कासगंज,अमृत विचार :** पटियाली तहसील क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में लम्बे समय से भूमि पर अवैध कब्जे थे। एसडीएम ने पुलिस बल के साथ जमीन को कब्जेदारों से मुक्त करा के असली मालिकों के सुपुर्द किया। पटियाली एसडीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि डोरी लाल व अनूप कुमार, नितीश कुमार व अमल कुमार से 33 बीघा जमीन कब्जा मुक्त करवा कर भू स्वामिनी मुन्नी बेगम पत्नी बदरुल हसन खान को कब्जा दिलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक मुन्ना लाल भारती, लेखपाल कुलदीप सिंह, लेखपाल विनय कुमार व लेखपालअनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## लेन-देन को लेकर मारपीट , युवक घायल

**एटा, अमृत विचार :** पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम भदुआ निवासी अरविंद कुमार पुत्र विशम्बर दयाल को गुरुवार को घायलावस्था में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने रुपए के लेन देन को लेकर मारपीट हो गई। इस घटना में अरविंद को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दूसरी ओर नयागांव थाने में विमलेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी डांडा ने चार लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। बताया है कि गांव के निवासी उजेश पुत्र कढेर सिंह समेत चार लोगों पीड़ित के पास आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोटिल कर दिया। इसके अलावा मारपीट की घटनाओं में नयागांव क्षेत्र के ग्राम ढकपुरा निवासी अमर सिंह व उसका भतीजा, जसरथपुर के बलीपुर निवासी किशनपाल पुत्र रामस्वयप, सकरौली के गांव नगला गंगा निवासी चन्द्रवती पत्नी रामबहोरी, मलावन के गांव नगला भूपाल निवासी मनोज कुमार की पत्नी ऊषादेवी घायल हुई है।

## बदायूं से तीन किलो अफीम ला रहे दो आरोपी पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं से तीन किलो अफीम ला रहे दो तस्करों को एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव भगवानपुर थाना बिनावर बदायूं निवासी अजय वर्मा और थाना दातागंज के रहने वाले राम सिंह के रूप में हुई है। टीम ने उनके पास से अफीम के साथ मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद की है। दोनों के खिलाफ अलीगंज में एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म विरोध करने पर मां व परिजनों को पीटा

**एटा, अमृत विचार :** सकीट थाने में एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि 18 जून को बॉबी पुत्र हंसराज सिंह निवासी अंगदपुर ने पीड़िता की 15 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जब पीड़िता परिजनों के साथ शिकायत करने गई तो आरोपितों से न सिर्फ नोकझोंक हो गई, बल्कि बॉबी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़िता व परिजनों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी गई। क्षेत्राधिकारी सकीट ने बताया है कि एक महिला की तहरीर पर बॉबी समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## तीन वाहनों को सीज कर 158 वाहनों के काटे चालान

**कासगंज,अमृत विचार:** यातायात पुलिस ने ट्रिपिल राइडिंग, बिना हेलमेट के अलावा हूटर और काली फिल्म लगाकर दौड़ रहे वाहनों की चेकिंग की। यातायात उल्लघंन के आरोप में तीन वाहनों को सीज कर 158 वाहनों के चालान काटकर उनसे शमन शुल्क वसूला गया। यातायात प्रभारी लक्ष्मन सिंह ने बताया कि गुरुवार को चेकिंग के दौरान ट्रिपिल राइडिंग करने वाले और बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों को चेक किया गया। उनके चालान काटे गए। इसके अलावा नगर में दौड़ रहे हूटर और काली फिल्म लगे तीन वाहनों को सीज किया गया। 158 वाहनों के चालान किए गए। उनसे शमन शुल्क वसूला गया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान निजी वाहनों पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखे वाहनों को भी चेक किया गया। सीट बेल्ट न लगाकर चलने वाले चार पहिया वाहनों चालको को सीट वेल्ट लगाकर चलने का आहवान किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं।

### सम्मन सूचना

**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बरेली**
**अपील संख्या-2019541213000349 सन् 2019**
**धारा-11(1) यू.पी.सी.एच. एक्ट**
**ग्राम जेड तहसील फरीदपुर जिला बरेली**
**एच.एस. कन्स्ट्रक्शन बनाम श्रीमती आशा शर्मा आदि**

प्रतिवादीगण 1. श्रीमती आशा शर्मा पत्नी करूण शर्मा निवासी 19, कुंज बिहारी कौशलपुर कानपुर 2. डा. रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री शिव शंकर निवासी 58, आकाशकपुरम् कॉलोनी बरेली 3. श्रीमती चन्द्रप्रभा शर्मा पत्नी श्री रमेश शर्मा निवासी 58, आकाशकपुरम् कालोनी बरेली 4. श्री राजीव शर्मा पुत्र वेद प्रकाश शर्मा निवासी मोह परा, तहसील फरीदपुर जिला बरेली 5. श्री अमित कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी 58, आकाशपुरम् कालोनी जिला बरेली 6. श्री अमित कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी 58 आकाशपुरम् कॉलोनी जिला बरेली 7. श्री वरूण शर्मा पुत्र श्री हरगोपाल शर्मा निवासी कुंजबिहारी कौशलपुर कानपुर 8. श्रीमती प्रभा शर्मा पत्नी वेद प्रकाश शर्मा निवासी मोहल्ला परा तहसील फरीदपुर जिला बरेली 9. श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी डा. ए.पी. शर्मा निवासी मोहल्ला परा तहसील फरीदपुर जिला बरेली 10. श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह निवासी 44ए, मॉडल टाउन, बरेली 11. वैली एसोसिएट सेक्टर 5 मकान नं. 93, ग्रीन पार्क कालोनी, बरेली द्वारा पार्टनर गिरीजेश कुमार पाण्डेय 12. श्री सोमनाथ पुत्र बाबू उर्फ बाबूराम निवासी मोहल्ला परा तहसील फरीदपुर जिला बरेली चूंकि एच.एस. कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि. द्वारा निदेशक चरन पाल सिंह पुत्र श्री हीरा सिंह निवासी 80ए, मॉडल टॉउन बरेली ने आप प्रतिवादीगण के नाम एक वाद/अपील अन्तर्गत धारा-11(1) यू.पी.सी.एच. एक्ट बावत हक के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि दिनांक 26.06.2024 को स्वयं अथवा मॉर्फत किसी वकील जो मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाबदेही कर सके, मय कागजात से बखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाबदेही कर सके, मय कागजात अदालत हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा का फैसला होगा।

आज तारीख 27.5.24 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय बन्दोबस्त, अधिकारी चकबन्दी, बरेली**

### सम्मन सूचना

**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बरेली**
**अपील संख्या-2022541213000062 सन् 2019**
**अन्तर्गत नियम-109 यू.पी.सी.एच. एक्ट**
**ग्राम जेड तहसील फरीदपुर जिला बरेली**
**एच.एस. कन्स्ट्रक्शन बनाम श्रीमती आशा शर्मा आदि**

प्रतिवादीगण 1. श्रीमती आशा शर्मा पत्नी करूण शर्मा निवासी 19, कुंज बिहारी कौशलपुर कानपुर 2. डा. रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री शिव शंकर निवासी 58, आकाशकपुरम् कॉलोनी बरेली 3. श्रीमती चन्द्रप्रभा शर्मा पत्नी श्री रमेश शर्मा निवासी 58, आकाशकपुरम् कालोनी बरेली 4. श्री राजीव शर्मा पुत्र वेद प्रकाश शर्मा निवासी मोह परा, तहसील फरीदपुर जिला बरेली 5. श्री अमित कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी 58, आकाशपुरम् कालोनी जिला बरेली 6. श्री अशित कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी 58 आकाशपुरम् कॉलोनी जिला बरेली 7. श्री वरूण शर्मा पुत्र श्री हरगोपाल शर्मा निवासी कुंजबिहारी कौशलपुर कानपुर 8. श्रीमती प्रभा शर्मा पत्नी वेद प्रकाश शर्मा निवासी मोहल्ला परा तहसील फरीदपुर जिला बरेली 9. श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी डा. ए.पी. शर्मा निवासी मोहल्ला परा तहसील फरीदपुर जिला बरेली 10. श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह निवासी 44ए, मॉडल टाउन, बरेली 11. वैली एसोसिएट सेक्टर 5 मकान नं. 93, ग्रीन पार्क कालोनी, बरेली द्वारा पार्टनर गिरीजेश कुमार पाण्डेय 12. श्री सोमनाथ पुत्र बाबू उर्फ बाबूराम निवासी मोहल्ला परा तहसील फरीदपुर जिला बरेली 13. परमानन्द पुत्र नामालूम 14. बेचे लाल पुत्र नामालूम निवासीगण ग्राम जेड तहसील फरीदपुर जिला बरेली चूंकि एच.एस. कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि. द्वारा निदेशक चरन पाल सिंह पुत्र श्री हीरा सिंह निवासी 80ए, मॉडल टॉउन बरेली ने आप प्रतिवादीगण के नाम एक वाद/अपील अन्तर्गत नियम 109- यू.पी. सी.एच. एक्ट बावत हक के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि दिनांक 26.06.2024 को स्वयं अथवा मॉर्फत किसी वकील जो मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाबदेही कर सके, मय कागजात से बखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाबदेही कर सके, मय कागजात अदालत हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा का फैसला होगा।

आज तारीख 27.5.24 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय बन्दोबस्त, अधिकारी चकबन्दी, बरेली**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा एक किता सम्पत्ति क्षेत्रफल 790 वर्गमीटर गाटा संख्या 29 स्थित ग्राम टांडा अथ विसवां परगना रिछा तहसील बहेड़ी बरेली को इंतखाव अहमद उर्फ बब्लू पुत्र मुख्तयार अहमद से क्रय किया गया था, जो बैनामा दस्तावेज नं0 3698 दिनांक 09.05.2005 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में दर्ज कागजात है उक्त सम्पत्ति का उक्त क्षेत्रफल 790 वर्गमीटर ही इंतखाव अहमद उर्फ बब्लू ने विक्रेता अमीर अहमद पुत्र शरीफ अहमद से क्रय किया था जिसका बैनामा वही सं0 1 जिल्द सं. 1467 पृष्ठ सं. 647 से 654 दस्तावेज नं. 5774 दिनांक 17.05.2002 को उपनिबधक कार्यालय बहेड़ी में दर्ज कागजात है। तथा उपरोक्त सम्पत्ति का क्षेत्रफल 790 वर्गमीटर से संबंधित चैन/लिंक डीड द. नं.- 5774 की मूल प्रति मैने उक्त सम्पत्ति का बैनामा कराने के दौरान प्राप्त कर ली थी। परन्तु वर्तमान में मुझसे कहीं गुम हो गई है। उपरोक्त लिंक डीड/चैन डीड में वर्णित सम्पत्ति पूर्णतया पाक व साफ है व कहीं भी बन्धक नहीं की गयी है न ही जमानत में प्रयोग की गयी है। उपरोक्त बैनामा मूल दस्तावेज नं. 5774 किसी को अगर प्राप्त होती है तो कृपया मुझे निम्नलिखित पते पर सूचित करने कष्ट करें। किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज नं. 5774 का अगर इस्तेमाल किया जाता है तो वह अवैध माना जायेगा।

**अब्दुल हलीम सिद्दीकी पुत्र श्री अब्दुल सलाम सिद्दीकी**
**नि0ग्राम रिछा पो0 रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली। मो0नं0 902280004**

## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 416/पी.आर.ओ./स्वा.वि./न.नि.-शाह./2024-25 दिनांक : 20.06.2024

### ई-निविदा सूचना

नगर निगम, शाहाजहाँपुर में ककरा काकर कुण्ड स्थित एम.आर.एफ. सेन्टर पर कूड़े की तौल हेतु इलैक्ट्रक वैट ब्रिज पिट पाइप मशीन की आपूर्ति मय स्थापना कराये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय की आपूर्ति के अनुपालन में ई-निविदा के माध्यम से दिनांक 12.07.2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 4:00 बजे खोली जायेगी, अपनी दर ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत मय जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य रू. | निविदा जी.एस.टी. व वैबसाइट मैंटीनेंस शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | इलैक्ट्रानिक वैट ब्रिज पिट टाइप मशीन की आपूर्ति मय स्थापना | 01 नग | 1500000.00 | 150000.00 | 1500.00 | 270+250 (520.00) | 15 दिन |

ई-निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं-50265293184 आई.एफ.एस.सी. कोड-IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहांपुर व निविदा शुल्क व निविदा जी.एस.टी. नगर निगम के बैंक के खाता सं-50200017927485 आई.एफ.एस.सी. कोड- HDFC0000869 ब्रांच एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहांपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहांपुर में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

## वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेश

**कासगंज,अमृत विचार :** थाना सहावर इंसपेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि वारंटी सुनील कुमार निवासी मुहल्ला मोरी कस्बा सहावर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह वारंटी काफी दिन से फरार चल रहा था। वारंटी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं फर्म हमदर्द इण्डस्ट्रीज स्थित ग्राम रिछा का साझीदार हूं तथा उपरोक्त इण्डस्ट्रीज के नाम से मेरे द्वारा गाटा सं. 16 क्षेत्रफल 780 वर्गमीटर स्थित टांडा अथ विसवां परगना रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली को बजरिये बैनामा नासिरा पत्नी रईस अहमद से क्रय किया था, जिसका बैनामा दस्तावेज नं. 10 दिनांक 01.01.2015 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में दर्ज कागजात है। उक्त नासिरा ने उपरोक्त सम्पत्ति का उक्त क्षेत्रफल 780 वर्गमीटर को भी मो0 याकूब पुत्र मो. यूसुफ से क्रय किया था। जो बैनामा द.नं. 9812 दिनांक 16.12.2006 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में पंजीकृत है तथा मो. याकूब ने उपरोक्त सम्पत्ति का उक्त क्षेत्रफल 780 वर्गमीटर को अमीर अहमद पुत्र श्री शरीफ अहमद से क्रय किया था जिसका बैनामा वही सं. 1 जिल्द 1188 पृष्ठ 173 से 182 द0नं0 3699 दिनांक 09.05.2005 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में पंजीकृत कराया गया व उपरोक्त अमीर अहमद ने उक्त सम्पत्ति का उतना ही क्षेत्रफल 780 वर्गमीटर को जमील अहमद पुत्र श्री अब्दुल रहीम से क्रय किया था। जिसका बैनामा वही 1 जिल्द 1481 पृष्ठ 168 से 170 द0नं0 8078 दिनांक 03.09.2002 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में पंजीकृत है। उपरोक्त सम्पत्ति का उक्त क्षेत्रफल 780 वर्गमीटर की लिंक डीड/चैन डीड दस्तावेज नं0 3699 व दस्तावेज नं. 8078 जिनकी मूल प्रतियां मैंने अपने बैनामा के दौरान पूर्व विक्रेतागणों से प्राप्त कर ली थी, परन्तु वर्तमान में मुझसे कहीं गुम हो गयी हैं। उपरोक्त लिंक डीड/चैन डीड में वर्णित सम्पत्ति पूर्णतया पाक व साफ है व कहीं भी बन्धक नहीं की गयी है न ही जमानत में प्रयोग की गयी है। उपरोक्त बैनामा की मूल प्रतियां दस्तावेज नं. 3699 व दस्तावेज नं. 8078 किसी को अगर प्राप्त होती है तो कृपया मुझे निम्नलिखित पते पर सूचित करने का कष्ट करें। किसी भी व्यक्ति द्वारा अगर मूल दस्तावेज नं. 3699 व 8078 का इस्तेमाल किया जाता है तो वह अवैध माना जायेगा।

**मै0 हमदर्द इण्डस्ट्रीज द्वारा-साझीदार**
**अकील अहमद पुत्र जमील अहमद**
**नि0 ग्राम रिछा, पो0 रिछा**
**तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भनपुरा वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**कुसुमा**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रसेवन वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**कौशल्या**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहब्बतगंज कुंआडांडा वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**भूपेन्द्र सिंह**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मरूआझाला वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**शांति देवी**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेहटा मुरादपुर वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**लक्ष्मी**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नदेय्या रामपुर वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**ममता**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत हीरपुर वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**अंजलि**
**प्रधान**

**विश्वास शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारगवां वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो दिनांक : 16.6.24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यों हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**आरती**
5. 1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था, जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।

6. 1. खून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।

8. लेख, आलेख।

10. 1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

**ऊपर से नीचे**

1. कमी, त्रुटि।


3. 1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।

4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।

7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।

8. 1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।

9. 1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना : ख़रीददारी करना। -तेज़ होना : सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।




### वर्ग पहेली -106 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 थ | ने | ला |
| | 2 को | य | ला | | | |
| | का | | | 3 ज | | 4 डु |
| | 5 बे | उ | सू | ल | | लि |
| 6 चो | ली | | | 7 कं | जि | का |
| | | | | डु | | |
| 8 अ | नु | ना | दी | | 9 सि | ल |

## सुडोकू-20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 1 | |
| 5 | 4 | | | | | | 9 | |
| 7 | | | 9 | 3 | 4 | | | 6 |
| 6 | | | | 4 | 9 | | 3 | |
| | | 2 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 7 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | 1 | 2 | 5 | | | 3 |
| | 6 | | | | | | 7 | 5 |
| | 3 | | | | 7 | | 8 | |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी-07.31 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ अपने लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। ई-मेल और अन्य दस्तावेजों पर सावधानी पूर्वक जांचकर ही प्रतिक्रिया दें।

**वृष** – आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेतर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ नवाचारी प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज अनावश्यक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध लोगों की भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइन्ट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कर्क** – आज प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए।

**सिंह** – आज किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा कर सकते हैं। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**कन्या** – आज मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खान-पान की आदतों में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। मित्रों के साथ कहीं दूर की यात्रा का विचार बनाएंगे।

**तुला** – आज दिल की बजाय दिमाग से काम करें। अपने काम में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज व्यवहार कुशलता के कारण आप कुछ उलझे हुए मामलों को सुलझा सकते हैं। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ संवादहीनता की स्थिति पनप सकती है। जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

**मकर** – आज समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल रखेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कुंभ** – आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

**मीन** – आज आपकी वाणी में सौम्यता परिवार में विशेष सम्मान की दिलाएगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 18.19 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U Movies
आज का रावण – सुबह : 09.00
जान से प्यारा – शाम : 06.00

&pictures
शूरवीर – सुबह : 11.05
धमाल – रात : 07.30

Sony PIX
इट – सुबह : 10.00
हांस जिमर – रात : 09.00

Zee Cinema
वलाटी – सुबह : 12.02
मायोन – रात : 08.00

Colors Cineplex
आंखें – सुबह : 08.17
कुछ कुछ होता है – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश..

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।




| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,478.93 | 23,567.00 |
| बढ़त | 141.34 | 51.00 |
| प्रतिशत में | 0.18 | 0.22 |

# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्या: दास

## भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।



उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रतिकु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्याइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

- शाह की अध्यक्षता में समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा-केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।

# आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**




आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। ● अमृत विचार

- एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन
- मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस

**अमृत विचार :** अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेज सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

**म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयार:** अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

### खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

### इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

# स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटकर चार साल के निचले स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी**

- आंकड़ों के मुताबिक 9,771 करोड़ रुपये रह गया

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है।

यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं।

## अनचाही कॉल एसएमएस पर लगाम के लिए मसौदा जारी

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रचार-प्रसार संबंधी फोन कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने से संबंधित दिशा-निर्देशों के मसौदे पर 21 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित कीं। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए इन दिशा-निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार और सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है।

## राष्ट्रीय

# मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं।

### शिक्षा और भर्ती प्रणाली को तहस नहस कर दिया : खरगे



कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है।

### छिटपुट घटनाओं का लाखों छात्रों पर असर नहीं पड़ना चाहिए: प्रधान



मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को फिर से आयोजित करने की विपक्ष की मांग के बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गड़बड़ी की छिटपुट घटनाओं से उन लाखों विद्यार्थियों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, जिन्होंने सही तरीके से परीक्षा पास की है। प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने विपक्षी दलों से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की और कहा कि एनटीए के अधिकारियों सहित दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि एनटीए की कार्यप्रणाली की समीक्षा और सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन जल्द ही किया जाएगा।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

**चेन्नई, एजेंसी**



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। ● एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा-कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 'मेथनॉल मिश्रित देशी शराब' पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जान गंवाने वाले 34 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।

## एक नजर

### सीजेआई और साथी न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के उनके साथी न्यायाधीश शुक्रवार को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह में भाग लेंगे। शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है, 21 जून 2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, उच्चतम न्यायालय के विस्तारित भवन परिसर के 'सी' ब्लॉक में द्वितीय तल पर स्थित सभागार और 'ए' ब्लॉक के चतुर्थ तल पर स्थित योग एवं मनोरंजन हॉल में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### अभिनेता दर्शन की पुलिस हिरासत बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गयी है। तेरह अन्य आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उनमें दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा भी शामिल हैं।

# बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नीट प्रश्न पत्र लीक विवाद को राजद से जोड़ा

**पटना, एजेंसी**

- विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

पटना में संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने कहा कि राजद नेता से जुड़े अधिकारी और मुख्य आरोपी के बीच संबंधों की गहन जांच की जानी चाहिए। यादवेंदु समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। सिन्हा ने कहा, तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी सिकंदर के लिए पटना और अन्य स्थानों के गेस्ट हाउसों में ठहरने की व्यवस्था करता था। मेरे पास उन संदेशों का विवरण है जो अधिकारी ने सिकंदर के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को भेजे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास वह मोबाइल नंबर



है जिससे यादवेंदु के ठहरने के लिए संदेश भेजे गए थे। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। राजद नेता (तेजस्वी प्रसाद) इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पूरे घटनाक्रम से पता चलता है कि राजद नेता किस तरह भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं। ऐसी खबरें हैं कि आरोपी रांची में न्यायिक हिरासत के दौरान लालू प्रसाद से जुड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीट पेपर घोटाले के सरगना के राजद नेता तेजस्वी यादव से संबंधों को लेकर उठ रहे सवालों पर तेजस्वी की चुप्पी से प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जररू है। उन्होंने कहा-तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं।

# मप्र में पिता को लीवर देना चाहती है नाबालिग बेटी

**इंदौर,एजेंसी**

- उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया फैसला करने का निर्देश

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह 17 वर्षीय बेटी की सहमति से उसके पिता को यकृत का हिस्सा दान करने से जुड़े अनुरोध पर जल्द से जल्द फैसला करे और तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपे।

अदालत ने शहर के एक सरकारी अस्पताल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच करके यह बताए कि पिता को लीवर का हिस्सा दान करने के बाद कहीं बेटी को सेहत से जुड़ी कोई समस्या तो नहीं होगी। इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रीति को उन्हें लीवर का हिस्सा दान करने की मंजूरी दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ के सामने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान बाथम के वकील ने कहा उनके मुवक्किल को लीवर का हिस्सा जल्द प्रत्यारोपित नहीं किया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया गया कि यह मामला मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

## अखनूर बस दुर्घटना: जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक निलंबित

**जम्मू, अमृत विचार:** यूपी हाथरस से शिवखोड़ी जा रही बस गत 30 मई को अखनूर-सुंदरवनी रोड के चौकी चौरा के निकट खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में कुल 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे को संज्ञान में लेते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार को निलंबित करके उनको पुलिस हैडक्वार्टर में अटैच कर दिया। इससे पूर्व भी हादसे में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय लखनपुर प्रवेश द्वार के एक इंस्पेक्टर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में आने वाले दिनों में लापरवाही के चलते कुछ और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।

## कर्नाटक में दो लोग मृत पाए गए, शरीर पर गोलियों के निशान

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले में बृहस्पतिवार को दो लोग मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को ऐसा संदेह है कि ये हत्या और आत्महत्या का मामला हो सकता है। हासन पुलिस अधीक्षक एम. सुजीता एम. एस. के अनुसार, दोनों व्यक्ति एक कार से होयसला नगर आए थे और एक भूखंड के पास किसी मुद्दे को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आसपास रह रहे लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। एक व्यक्ति कार के बाहर मृत पाया गया, जबकि दूसरा वाहन के अंदर मृत मिला।

# लू से 114 लोगों की मौत, तापघात के करीब 41 हजार मामले आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### भीषण गर्मी का प्रकोप



देश के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। इस संबंध में एक अधिकारिक सूत्र ने कहा, उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडे.नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की।

आंकड़ों के मुताबिक, 19 जून को तापघात से चार लोगों की मौत हो गई। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाइयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। परामर्श में कहा गया है कि सभी जिलों में तापजनित बीमारियों (एचआरआई) पर राष्ट्रीय कार्ययोजना का प्रसार सुनिश्चित किया जाए।



# भारत की जीत में चमके सूर्यकुमार व बुमराह

## भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया, सूर्या की फिफ्टी, जसप्रीत-अर्शदीप ने झटके 3-3 विकेट

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव (53) और हार्दिक पांड्या (32) की जूझारु परियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप एक के मुकाबले में अफगानिस्तान को हरा दिया है। आज यहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और विराट कोहली की भारतीय सलामी एक बार फिर फ्लॉप साबित हुई।

तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने रोहित शर्मा (8) को राशिद खान के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। सातवें ओवर में ऋषभ पंत 11 गेंदों में (20) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें राशिद खान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद नौवें ओवर में राशिद ने विराट कोहली (24) का भी शिकार कर लिया। 11वें ओवर


53 रन

सूर्यकुमार यादव।

**टी-20 वर्ल्डकप**

- हार्दिक ने खेली 32 रनों की महत्वपूर्ण पारी
- राशिद खान ने तीन विकेट लेकर दिए 26 रन

में शिवम दुबे (10) को भी राशिद ने पवेलियन भेजा। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में फजलहक फारूकी ने सूर्यकुमार यादव को आउट कर अफगानिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की पारी खेली। हार्दिक पांड्या 24 गेंदों में 32 रन और रवींद्र जडेजा सात रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने छह गेंदों में 12 रन बनाये। अर्शदीप सिंह दो रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 181 रन का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और फजलहक फारूकी ने तीन-तीन विकेट लिये। नवीन उल हक़ को एक विकेट मिला। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (11) का विकेट गवां दिया।

उन्हें जसप्रीत बुमराह ने आउट किया। चौथे ओवर में अक्षर पटेल ने इब्राहिम जदरान (8) को आउट कर अफगानिस्तान को दूसरा झटका दिया। पांचवें ओवर में बुमराह ने हजरतुल्लाह जजई (2) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गुलबदीन नईब (17) कुलदीप यादव ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

अजमतउल्लाह उमरजई और नजीबउल्लाह जदरान ने पारी


जसप्रीत बुमराह।

को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में रविन्द्र जडेजा ने उमरजई (26) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। 16वें ओवर में बुमराह ने नजीबउल्लाह जदरान (19) को आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। 17वें ओवर में कुलदीप ने मोहम्मद नबी (17) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। 18वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने राशिद खान (2) और नवीन उल हक (शून्य) के विकेट चटकाए। अर्शदीप ने 20वें ओवर की आखिर गेंद पर नूर अहमद (12) को आउट कर अफगानिस्तान 134 रन समेट दिया।

इसी के साथ ही भारत ने सुपर आठ का अपना पहला मुकाबला 47 रन से जीत लिया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन- तीन विकेट लिये । कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक- एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### सैमंस जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

**हरारे, एजेंसी।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे।

### अंविता ने अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में खिताब जीता

**बेंगलुरू।** अंविता नरेंद्र ने अपने दूसरे ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण का खिताब सात शॉट की बढ़त के साथ जीता। न्यू जर्सी में जन्मीं अंविता पिछले हफ्ते अपने पदार्पण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहीं थी। उन्होंने यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से कुल आठ अंडर 210 का स्कोर बनाया। अंविता ने एमेच्योर खिलाड़ी लावन्या जेडोन को पछाड़ा जो अंतिम दौर में 73 के स्कोर से कुल एक अंडर 209 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। अपना दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहीं विधात्री उर्स तीसरे स्थान पर रहीं।

### सेरेवी पुरुष, महिला रग्बी 7 टीमों के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली,** । विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाये जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिये अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर वेसाले सेरेवी का स्वागत करते हैं।

### भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

**अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं, लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जायेगी।

# बुमराह के मुरीद हैं एम्बरोज

**ब्रिजटाउन , एजेंसी**

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं। एम्बरोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।



# डेविड के सम्मान में काली पट्टी बांध कर उतरी टीम

**ब्रिजटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के सम्मान में अफगानिस्तान के खिलाफ यहां गुरुवार को टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1996 में दो टेस्ट खेलने वाले 52 वर्षीय जॉनसन का यहां गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर निधन हो गया। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या यह आत्महत्या का मामला था। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। सचिन तेंदुलकर सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड जीता

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये।

वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया।

धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108 .9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए।



# क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे अल्कारेज

**लंदन, एजेंसी**

विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज की इस ग्रैंडस्लैम की तैयारियों को झटका लगा जब गुरुवार को यहां वह क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए। यहां गत चैंपियन और शीर्ष वरीय अल्कारेज को जैक ड्रेपर के खिलाफ 6-7, 3-6 से सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है और उन्होंने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। अल्कारेज ने पिछले साल क्वीन्स टूर्नामेंट जीतकर विंबलडन की तैयारी करते हुए पहली बार इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट को जीता था। स्पेन के अल्कारेज को हालांकि फ्रेंच ओपन में खिताब जीतने के बाद अब तक ग्रास कोर्ट पर सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला है।



# ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

**टी-20 वर्ल्डकप**

- बांग्लादेश खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला आज
- टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा चुकी है सीरीज

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढ़िलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

टीम इस प्रकार है:

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा। रिजर्वः जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।**



# इंग्लैंड और द. अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला आज

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना द. अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी से**

सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया।

अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जायेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिये 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में जीत दिला दी। साल्ट एक बार फिर कप्तान बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

# सर्बिया और स्लोवेनिया ने खेला ड्रा

**म्यूनिख, एजेंसी**

स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई।

जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम एतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे लेकिन उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रैफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी। अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी।



# जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के साथ जा सकते हैं लक्ष्मण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं।

# बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 खेलेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी सीनियर पुरुष टीम के 19 सितंबर से 12 फरवरी तक के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अपने कैलेंडर में पांच घरेलू टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई और कानपुर में दो टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। इन पांच टेस्ट के अलावा भारत को घरेलू मैदानों पर आठ टी-20 अंतराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे की पूर्ण श्रृंखला 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जायेगी।

बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से भारत का घरेलू सत्र भी खत्म हो जायेगा क्योंकि इसके बाद टीम चैम्पियंस ट्राफी के लिए रवाना होगी जिसके 'हाइब्रिड मॉडल' में खेले जाने की उम्मीद है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद नहीं है। भारत का घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जायेगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ

- **पहला टेस्ट :** बेंगलुरु (16-20 अक्टूबर)
- **दूसरा टेस्ट :** पुणे (24-28 अक्टूबर)
- **तीसरा टेस्ट :** मुंबई (1-5 नवंबर)

### बांग्लादेश के खिलाफ

- **पहला टेस्ट :** चेन्नई (19-23 सितंबर)
- **दूसरा टेस्ट :** कानपुर (27 सितंबर-एक अक्टूबर)
- **पहला टी-20 :** धर्मशाला (6 अक्टूबर)
- **दूसरा टी-20 :** दिल्ली (9 अक्टूबर)
- **तीसरा टी-20 :** हैदराबाद (12 अक्टूबर)

### इंग्लैंड के खिलाफ

- **पहला टी-20 :** चेन्नई (22 जनवरी)
- **दूसरा टी-20 :** कोलकाता (25 जनवरी)
- **तीसरा टी-20 :** राजकोट (28 जनवरी)
- **चौथा टी-20 :** पुणे (31 जनवरी)
- **पांचवां टी-20 :** मुंबई (2 फ़रवरी)
- **पहला वनडे :** नागपुर (6 फरवरी)
- **दूसरा वनडे :** कटक (9 फरवरी)
- **तीसरा वनडे :** अहमदाबाद (12 फरवरी)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

